an>

Title: Need to conduct certificate course in manufacturing in Industrial Training Institutes in the country.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) ः वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा मान्यवर प्रधानमंत्री महोदय श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी के नेतृत्व में जिस तरह से एल.ओ.सी. पार करके आतंकियों के कैम्पों का सफाया किया गया उस कार्य से सेना एवं आम जनता का मनोबल बढ़ा है। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद देश की जनता में स्वतः स्फूर्ति चेतना का संचार हुआ है। जिसके लिए भारत सरकार एवं सेना अभिनंदन के पात्र हैं।

सर्जिकल स्ट्राइक के बाद लोगों में चीन द्वारा जिस प्रकार से भारत के हितों की अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अनदेखी करके भारत के विरूद्ध पाकिस्तान के षडयंत्रों को मान्यता दी जा रही है उस पर रोष व्याप्त है। एक सरकार के नाते विश्व व्यापार संगठन के नियमों के दायरे के कारण जो कार्य सरकार नहीं कर सकती वे कार्य जनता स्वयं कर रही है। आज जनता चीन में बने उत्पादों का बहिष्कार करके स्वदेशी वस्तुओं को अपना रही है।

मेरा सरकार को सुझाव है कि आज इस जन चेतना को सही मार्गदर्शन देते हुए आवश्यकता है कि इसी तर्ज पर जीवन हेतु आवश्यक चीजों को बनाने हेतु छोटे-मोटे गृह उद्योग के लिए युवकों को बड़ी मात्रा में प्रेरित करना चाहिए अन्यथा यह जो चेतना है वह समय जाते फिर से उसी ओर प्रवाहित होगी। सरकार ऐसी छोटी-मोटी चीजों को बनाने हेतु आई.टी.आई. के माध्यम से प्रमाणित कोर्स शुरू करती है। विदेशी चीज़ों के सामने लोगों को मेड इन इंडिया का विकल्प भी मिलेगा। विशेषकर प्लास्टिक मोल्डिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में यह प्रयास करने की आवश्यकता है।